पत्रिका

यूपी में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी बोतलों में भरी जा रही थी नकली शराब, सरकारी ठेकों से हो रही थी बिक्री, पर्दाफाश

बरेली। फरीदपुर में ब्रांडेड बोतल में नकली शराब भरकर बेचे जाने का मामला सामने आया। शराब पीने के शौकीन लोगों के लिए यह खबर चौंकाने वाली है। गुरुवार को छापेमारी में खुलासा हुआ कि महंगी शराब की बोतलों में नकली शराब भरकर ठेकों पर बेची जा रही थी। आबकारी और फरीदपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अंग्रेजी शराब के मॉडल हाउस के गोदाम में छापेमारी करके नकली शराब बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। धड़ल्ले से मॉडल शॉप पर मिलावटी शराब बेची जाने का कारोबार चल रहा था।

सयुंक्त टीम को देखकर कई तस्कर हुए फरार

टीम गोदाम से शराब की बोतलों पर लगाए जाने वाले 1076 क्यूआर कोड की चिटें, अंग्रेजी शराब की बोतलें एवं 11 अध्धे व 273 शराब के क्वार्टर एवं शराब के बोतलों के 241 ढक्कन बरामद किए हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयोग किए जाने वाली लग्जरी कार बरामद की। टीम को देखकर कई तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आबकारी इंस्पेक्टर की ओर से अंग्रेजी और देसी शराब की दुकान के सेल्समैन एवं गोदाम मलिक सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार

बरेली के ठेकेदार की फरीदपुर के बीसलपुर रोड के तिराहे पर अंग्रेजी शराब की मॉडल शॉप है। शराब की मॉडल शॉप के पीछे गोदाम है। पुलिस के मुताबिक कई महीनो से सूचना मिल रही थी कि मॉडल शॉप के सेल्समैन गोदाम में नकली शराब बनाने का कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को आबकारी इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र कुमार एवं फरीदपुर इंस्पेक्टर रामसेवक ने संयुक्त टीम के साथ गोदाम में छापामारी की। पुलिस टीम देखकर तस्कर भाग निकले। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम फरीदपुर के मोहल्ला परा निवासी अभय कुमार बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान गोदाम से 46 बोतल बियर, अंग्रेजी शराब की तीन बोतले, 22 क्वार्टर, 10 टेट्रा देसी मदिरा, 241 अंग्रेजी शराब की बोतलों के ढक्कन, 251 क्वार्टर एवं 1076 कर कोड की चिटें बरामद की। मौके से एक लग्जरी कार बरामद की गई।

लग्जरी कार से दूसरी दुकानों पर बेची जाती थी नकली शारब

पुलिस पूछताछ में तस्कर ने बताया कि गोदाम में नकली शराब बनाकर बोतलों में पैक की जाती थी। जिसके बाद उसे लग्जरी कार से दूसरी दुकानों पर बेचने के लिए भेजा जा रहा था, जबकि मॉडल शॉप पर माडल भी नकली शराब बेचें जाने का कारोबार से चल रहा था। आबकारी इंस्पेक्टर की ओर से सेल्समेन पीलीभीत के बिलसंडा निवासी सोनल, शेरगढ़ के पहाड़पुर निवासी सूरज, फरीदपुर के मोहल्ला परा निवासी अभय शुक्ला, कार मलिक अंसार, गोदाम मालिक साहूकारा निवासी अर्पित अग्रवाल एवं मोहल्ला परा के संदीप के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर रामसेवक ने बताया की एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

नशे के कैप्सूलों से बनाई जा रही थी शराब

दो महीने पहले फरीदपुर पुलिस ने मेडिकल स्टोर पर छापामारी करके भारी मात्रा में नशे के कैप्सूल बरामद किए थे।

इसके बाद नशे की लत में पड़े युवाओं को कैप्सूल मिलना बंद हो गए। जिसकी वजह से उन्होंने नकली शराब पीनी शुरू कर दी। बताया जाता है कि नशे के कैप्सूल से अंग्रेजी शराब बनाई जाती थी। उसे अंग्रेजी शराब की ब्रांडेड बोतलों में भरकर बेचा जा रहा था। उन बोतलों पर फर्जी क्यूआर कोड की चिट लगाई जा रही थी। शराब पीने वालों को असली और नकली की जानकारी नहीं होती थी। इसलिए धड़ल्ले से मॉडल शॉप पर मिलावटी शराब बेची जाने का कारोबार चल रहा था।

Source: https://www.patrika.com/bareilly-news/fake-liquor-was-being-filled-in-expensive-branded-english-bottles-in-up-it-was-being-sold-from-government-contracts-exposed-18718946